हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025
[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

तापमान
अधिकतम .0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

4 खरसिया में जलभराव से मिलेगी स्थाई राहत
नाला निर्माण के दूसरे फेज को मिली गति



## खबर संक्षेप

### निर्वाचक नामावलियों का संशोधित कार्यक्रम जारी

**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी के संदर्भ में राज्य में चल रहे निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा ने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार एन्यूमरेशन परेड 18 दिसंबर, मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 23 दिसंबर तथा अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सह निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोग द्वारा जारी इस संशोधित कार्यक्रम की जानकारी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में कार्यरत समस्त अधिकारी, बूथ लेवल अधिकारी, सुपरवाइजर एवं विशेष गहन पुनरीक्षण में नियुक्त सभी अधिकारी-कर्मचारियों तक अनिवार्य रूप से पहुंचाई जाए, ताकि पुनरीक्षण कार्य समयबद्ध और सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके।

### एनईएस कॉलेज में एक दिवसीय युवा शिविर 15 को

**जशपुरनगर।** अरविन्द सोसायटी, पांडिचेरी की छत्तीसगढ़ राज्य समिति द्वारा जशपुर नगर स्थित एनईएस कॉलेज में 15 दिसम्बर को एक दिवसीय युवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें युवाओं के सर्वांगीण विकास से संबंधित विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। शिविर में वरिष्ठ सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी डॉ. इन्दिरा मिश्र अपने सहयोगियों के साथ विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। इस आयोजन में लगभग 50 स्नातक स्तर के विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। यह शिविर महर्षि अरविन्द की समग्र शिक्षा की अवधारणा पर आधारित होगा। अरविन्द का मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि छात्र का शारीरिक, मानसिक, प्राणिक एवं आत्मिक विकास होना चाहिए। इसके अंतर्गत शरीर के लिए व्यायाम, मन के लिए चिंतन, प्राण के लिए उत्साह तथा आत्मा के लिए शुद्धता का अभ्यास आवश्यक है।

### एसडीएम ने कंपनी के कार्यपालन अभियंता को भेजा नोटिस

# ट्रांसमिशन कंपनी की मनमानी, किसानों को खबर नहीं और लगा दिया टॉवर

**घरघोड़ा तहसील का मामला,कोई नोटिफिकेशन नहीं कोई क्षतिपूर्ति भी नहीं किसान परेशान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन द्वारा किसानों की भूमि का अधिग्रहण किए बगैर खेतों पर 132 केवी का ट्रांसमिशन टॉवर लगा दिया गया है। किसानों को खबर नहीं हुई और कंपनी के अधिकारियों ने मनमाने तरीके से टॉवर खड़े कर दिए हैं। खेतों में रबी फसल लेने का समय है, ऐसे में किसानों की चिंता बढ़ चुकी है। वहीं कंपनी के अधिकारी इसे अपना हक बता रहे हैं, किसानों की आपत्ति के बाद घरघोड़ा एसडीएम ने कार्यपालन अभियंता को नोटिस जारी कर दिया है।

दरअसल पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा रायगढ़ जिले में घरघोड़ा से बरौद तक करीब 20 किमी की 132 केवी लाइन का विस्तार किया जा रहा है। इसके लिए 61 मीटर ऊंचाई के ट्रांसमिशन टॉवर का निर्माण कराया गया है। घरघोड़ा तहसील के गांव भेंड्रा, बैहामुड़ा, बड़े गुमड़ा, बहिरकेला, कंचनपुर, टेरम, रूमकेरा, फगुरम, पतरापाली, बरोद जैसे गांव में टॉवर लगा दिए गए हैं। खास बात यह है कि इसके लिए किसानों के खेतों का उपयोग किया गया है और बिना उनकी अनुमति के टॉवर का निर्माण किया कराया गया है। पहले तो किसानों को खबर ही नहीं हुई। जब टावर लगा दिए गए तब इस बारे में किसानों ने अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई है, लेकिन बिजली कंपनी के अधिकारियों ने किसानों की फरियाद पर कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद किसानों ने घरघोड़ा एसडीएम से इस बारे में शिकायत दर्ज कराई है। एसडीएम ने बिजली कंपनी के अधिकारियों को इस संबंध में जवाब देने कहा है। किसानों एवं प्रभावित भूमि स्वामियों का कहना है कि नियमानुसार कंपनी को नोटिफिकेशन जारी करना चाहिए।इसके बाद ही जमीन ली जा सकती है। लेकिन गांवों में टावर खड़े कर दिए गए और किसानों को कोई जानकारी नहीं दी गई। आरोप है कि बगैर प्रक्रिया पूरे किए टॉवर।पहले खड़े कर दिए गए हैं। अब किसान जनप्रतिनिधियों और अफसरों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। प्रभावित लोगों का कहना है कि कंपनी जल्दी मुआवजा नहीं देती ना ही कोई अधिकारी संतोषजनक जवाब देता है। ऐसे में उनके सामने समस्या है कि इस मुद्दे को कहां जाकर सुलझाएं।

#### क्षतिपूर्ति की बात कह रहे अधिकारी

दरअसल मामला यह है कि बिना किसानों के जमीन अधिग्रहण किए कंपनी ने टॉवर लगाया है, लेकिन अब अधिकारी क्षतिपूर्ति देने की बात कह रहे हैं। जबकि नियमों के अनुसार टॉवर लगाने के लिए आम सहमति जरूरी है। ऊर्जा विभाग के नियमों के अनुसार 66 केवी या उससे अधिक क्षमता के विद्युत टॉवर के लिए प्रचलित बाजार मूल्य का 200 प्रतिशत और लाइन कोरिडोर यानी 132 केवी डबल सर्किट के लिए भूमि क्षेत्रफल के बाजार मूल्य का 30 प्रतिशत क्षतिपूर्ति दी जा सकती है, लेकिन यह मामला भी राजस्व कार्यालय में लंबित है। अब अधिकारी नियमों को ताक पर रखकर नोटिफिकेशन जारी करने और क्षतिपूर्ति की बात कह रहे हैं।

#### अधिग्रहण की जरूरत नहीं

टॉवर के लिए जमीन अधिग्रहण की जरूरत नहीं है। नियमों के अनुसार किसानों को क्षतिपूर्ति राजस्व विभाग द्वारा वितरित किया जाती है। हमारा सर्वे काफी पहले हो चुका है, ऐसे में लाइन को हटाने का सवाल ही नहीं आता है। किसानों की आपत्ति है, इसलिए राजस्व विभाग को जल्द से जल्द क्षतिपूर्ति देने के लिए चर्चा की जाएगी।

**-जी .आर .जायसवाल,** कार्यपालन यंत्री, ट्रांसमिशन कंपनी

#### रिकार्ड देखने के बाद बता सकेंगे

तहसील क्षेत्र में कई जगहों पर टॉवर लगाने का काम हो रहा है, किसी तरह की आपत्ति है और मामला क्या है, यह रिकार्ड देखने के बाद ही बताया जा सकेगा।

**-दुर्गा प्रसाद अधिकारी,** एसडीएम, घरघोड़ा

## जंगल शिकार करने गए दो ग्रामीणों की करंट से मौत, साथियों ने झाड़ी में छिपा दी थी लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत संबलपुरी के करीब राजस्व जंगल में जंगली जानवरों का शिकार करने गए दो ग्रामीण अपने द्वारा ही बिछाए गए करंट की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। ऐसे में डर से उनके साथियों ने दोनों की लाश को पास के झाड़ियों में छिपा दी और इसकी जानकारी किसी को नहीं दी।

5 दिन से लापता पुनीलाल यादव उर्फ मंत्री यादव (51) और संदीप उरांव (24) का शव शनिवार की सुबह मिला है। पुलिस ने इस मामले में 4 संदेहियों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। दरअसल 9 दिसंबर की सुबह 4 बजे गांव के 7 ग्रामीण शिकार के लिए निकले थे, लेकिन शाम तक पुनीलाल और संदीप घर नहीं लौटे थे। 2 दिन खोजबीन के बाद 12 दिसंबर की शाम परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शनिवार को दोनों की लाश जंगल में मिलने की जानकारी सामने आई। गांव के कोटवार ने आरोप लगाते हुए कहा कि जानवरों के लिए लगाए करंट में आने से दोनों की मौत हुई है, लेकिन साथियों ने बचने के लिए लाश छिपाई थी। पुलिस ने 4 संदिग्धों को हिरासत में लिया है, एक अन्य की तलाश जारी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन अमला और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। दोनों का शव झाड़ियों के बीच पड़ा था। दोनों मृतक ग्राम छोटे रेगड़ा के रहने वाले हैं। एक के हाथ में जलने के निशान भी हैं। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है। मृतक पुनीलाल की पत्नी गंगा यादव ने कहा कि 9 दिसंबर की शाम से पति की तलाश कर रहे थे। पति की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। चक्रधर नगर पुलिस ने मामले में छोटे रेगड़ा निवासी राजू उरांव, विकास, जय किशन व रमेश को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है, वहीं आकाश की तलाश जारी है।

## ट्रैक्टर से गिरी महिला की मिक्सचर मशीन के पहिए में दब कर मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोडा थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जहां दो महिला ट्रैंक्टर से अनियंत्रित होकर नीचे गिर गईं, जिसमें से एक की मिक्चर मशीन के पहिए में दबने से मौत हो गई। वहीं दूसरी को गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

दरअसल कुछ मजदूर हर रोज की तरह ढलाई कार्य के लिए ट्रैक्टर में सवार होकर जा रहे थे। ट्रैक्टर के पीछे ढलाई में प्रयुक्त होने वाला मिक्चर मशीन भी लगा हुआ था। अराईमुडा चौक के पास पहुंचते ही ट्रैक्टर में सवार सहोद्रा राठिया और सुशीला नीचे गिर गए। इस दौरान मिक्चर मशीन का पहिया सहोद्रा राठिया के उपर चढ़ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। जबकि सुशीला को गंभीर चोट आई है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही घरघोडा पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव का पंचनामा तैयार कर, शव को पोस्टमार्टन के लिए भेज दिया गया है और पुलिस आगे की जांच के लिए विवेचना में जुट गई।

> प्रथम दृष्टया महिला की मौत मिक्चर मशीन में दबनें की वजह से हुई है, विस्तृत जांच के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आनें के बाद वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा ।
>
> **अवध बिहारी,** जांच अधिकारी

## परिजन को बिना सूचना दिए पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



**आक्रोशित परिजन व युवक के साथियों ने कड़ाके की ठंड में गांधी प्रतिमा के पास रातभर दिया धरना**

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार की सुबह शहर के एक युवक को सिविल ड्रेस में पहुंचे पुलिसकर्मी घर से उठा कर ले गए और उस पर कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया। खास बात यह है कि इसकी सूचना उन्होंने युवक के परिजनों तक को नही दी। इस बात से आक्रोशित परिजनों ने कडाके की ठंड में गांधी प्रतिमा के पास रातभर धरना दिया।

दरअसल शुक्रवार की सुबह शहर के बहिदार पारा निवासी राधेश्याम शर्मा के पुत्र दीपक शर्मा को अचानक सिविल ड्रेस में उनके घर पहुंची तमनार पुलिस की टीम उठा कर ले गई। वहीं देर शाम तक भी इस गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों को नही दी गई। परिजनों ने जब इसकी जानकारी के लिए थाने में पूछताछ की गई तो वहां से भी उन्हें गोलमोल जवाब देकर वापस लौटा दिया गया । परिजनों नें पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि शुक्रवार की सुबह पुलिस के कर्मचारी सिविल ड्रेस में उनके घर पहुंचे थे और बिना किसी को बताए दीपक को गिरफ्तार कर ले गए। जबकि नियमानुसार किसी को भी गिरफ्तार करनें के लिए वारंट लाया जाता है और परिजनों को भी सूचना दी जाती है। बाद में दीपक के परिजनों को बताया गया कि उसकी गिरफ्तारी बीएनएस की धारा 170 के तहत की गई है। वहीं जब परिजनों ने किस अपराध के लिए गिरफ्तारी की गई जानने की कोशिश की गई तो पुलिस के द्वारा इस प्रश्न का कोई जवाब नहीं दिया गया। जिससे आक्रोशित परिजन एवं मोहल्लेवासियों ने गांधी प्रतिमा के पास कडकडाती ठंड में रातभर धरना दिया। क्षेत्रवासियों नें इस घटना को पुलिस का तानाशाही रवैय्या बताया है।

> तमनार में जनसुनवाई के दौरान शांतिभंग करने के कारण पुलिस ने दीपक शर्मा पर कार्रवाई की है।
>
> **सुशांतो बनर्जी,** डीएसपी, पुलिस प्रवक्ता

### वित्तमंत्री चौधरी ने अत्याधुनिक भवन को किया समर्पित

## सर्वसुविधायुक्त विद्यालय भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पुसौर विकासखंड के ग्राम रेंगालपाली में निर्मित 1 करोड़ 21 लाख 16 हजार रुपए की लागत वाले सर्वसुविधायुक्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का लोकार्पण वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी द्वारा विधिवत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत वित्त मंत्री श्री चौधरी ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना से की। इसके पश्चात उन्होंने स्मार्ट क्लास एवं प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी की सराहना की। विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया। नव निर्मित विद्यालय भवन को आधुनिक शैक्षणिक मानकों के अनुरूप डिजाइन किया गया है। इसमें 9 सुसज्जित कक्षाएँए स्मार्ट क्लासए दो आधुनिक प्रयोगशालाएँए समृद्ध लाइब्रेरी, प्रिंसिपल एवं स्टाफ कक्षए बालक.बालिका प्रसाधन कक्ष जैसी प्रमुख सुविधाएं शामिल हैं। यह भवन 300 से अधिक विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायकए सुरक्षित और आधुनिक शिक्षा का वातावरण उपलब्ध कराएगा। समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि गुणवत्ता सम्पन्न शिक्षा ही उन्नत समाज और विकसित भारत का आधार है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि हर बच्चे को आधुनिक, सुरक्षित और बेहतर शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध हों। रायगढ़ जिला शिक्षा, स्वास्थ्य और अवसंरचना के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विद्यालय विकास में मिले एचडीएफसी बैंक के सीएसआर सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पिछले दो वर्षों में जितने शैक्षणिक और विकासात्मक कार्य हुए हैं, उतने एक साथ कई वर्षों में नहीं हो पाए थे।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
**सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम**

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. ध्रुव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्ते लागू*
**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## खबर संक्षेप

### जशपुर में बनेगी अत्याधुनिक तीरंदाजी अकादमी

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में जशपुर



जिले को एक और बड़ी सौगात मिली है।जिले के बगीचा विकासखंड के पंडरा पाठ में अत्याधुनिक तीरंदाजी अकादमी (आर्चरी सेंटर) के निर्माण के लिए स्वीकृति मिल गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के निर्माण हेतु एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा सीएसआर फंड से 20.53 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। नई तीरंदाजी अकादमी बनने से जिले के ग्रामीण और आदिवासी युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं मिलेंगी। यह पहल आने वाले समय में जशपुर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतिभाओं का हब बनाने में निर्णायक साबित होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें विश्व पटल तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता का यह एक और बड़ा उदाहरण है। जशपुर के युवाओं में इस घोषणा को लेकर उत्साह का माहौल है,और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

### दो वर्ष से फरार बाइक चोर गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** कांसाबेल थाना क्षेत्र में वर्ष 2023 में हुई मोटरसाइकिल चोरी के मामले में जशपुर पुलिस ने ऑपरेशन अंकुश के तहत दो वर्ष से फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने फरार आरोपी रितिक कुमार पैंकरा को सिटी कोतवाली जशपुर क्षेत्र के बरटोली, भागलपुर से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 27 जुलाई 2023 को कांसाबेल निवासी विक्की गुप्ता, जो पटवारी के पद पर कार्यरत हैं, ने थाना कांसाबेल में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि रात्रि करीब 10 बजे अपनी यामाहा मोटरसाइकिल क्रमांक ओडी-02-एस-2211 को किराए के मकान के बाहर खड़ी कर घर के भीतर चले गए थे। सुबह उठने पर मोटरसाइकिल गायब मिली। आसपास खोजबीन के बावजूद कोई सुराग नहीं मिलने पर चोरी की आशंका जताई गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कांसाबेल में भारतीय दंड संहिता की धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने वर्ष 2023 में ही इस मामले में शामिल दो आरोपियों विशाल भगत एवं विनोद विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली थी। दोनों आरोपियों को उस समय न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था। मामले का तीसरा आरोपी रितिक कुमार पैंकरा घटना के बाद से ही फरार था। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी अपने गृह ग्राम बरटोली, भागलपुर में मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### नारी शक्ति और संस्कारों की पुनर्स्थापना पर दिया गया जोर


**कोतबा।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोतबा के प्रांगण में शनिवार को 'सप्तशक्ति संगम 2025' माताओं-बहनों का समागम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज परिवर्तन, राष्ट्र निर्माण में मातृशक्ति का योगदान और 'पंच परिवर्तन' कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, स्व का बोध, नागरिक कर्तव्य के विषयों पर मंथन करना था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गोमती साय विधायक पत्थलगांव व उपाध्यक्ष सरगुजा विकास प्राधिकरण को आमंत्रित किया गया था। वे आवश्यक बैठक में समिलित होने की वजह से यहाँ नही आ पाई व बतौर प्रतिनिधि निरंजन साय जी सम्मिलित हुए उन्होंने वर्तमान शिक्षा पद्धति और संस्कारों में आ रही गिरावट पर गहरी चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के उद्घोष के साथ हुआ।

## कक्षा 10वीं-12वीं के विद्यार्थियों से किया संवाद, परीक्षा तैयारी पर दिए महत्वपूर्ण टिप्स

# तनाव मुक्त होकर स्वस्थ मन से पढ़ाई करें: चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि विद्यार्थी तनाव मुक्त होकर स्वस्थ मन से पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि श्परीक्षा कभी भी जीवन से बड़ी नहीं होती, इसलिए घबराएं नहीं, बल्कि सही समय पर मेहनत शुरू करें। वित्त मंत्री गुरुवार को पुसौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झलमला स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के साथ श्बच्चों से चर्चा 2025 कार्यक्रम में संवाद कर रहे थे। इस अवसर पर श्री चौधरी ने विद्यालय में अत्याधुनिक स्मार्ट क्लासरूम का उद्घाटन कर विद्यार्थियों को तकनीकी व नवीन शिक्षण संसाधनों का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। वित्त मंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि दिसंबर से परीक्षा तक के आगामी तीन महीने सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि नियमित रूप से प्रतिदिन 7 से 8 घंटे पढ़ाई करें और छुट्टी के दिनों में 10 घंटे अध्ययन का लक्ष्य रखें। उन्होंने कहा किए एक भी दिन खराब नहीं करना है। यदि आप आने वाले तीन महीनों तक ईमानदारी और संकल्प के साथ पढ़ाई करेंगे तो बेहतर तैयारी और उत्कृष्ट परिणाम निश्चित हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी।



### मेधावी छात्रों को 1 लाख का पुरस्कार

वित्त मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे प्रतिभा से भरपूर होते हैं। उन्हें केवल बेहतर मार्गदर्शन, संसाधन और सुरक्षित वातावरण की जरूरत है। उन्होंने शिक्षकों व अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की रुचि और क्षमता के अनुसार अवसर प्रदान करें। वित्त मंत्री ने सफलता के लिए अनुशासन, निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच को मूल मंत्र बताया।वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य की मेरिट सूची में यदि जिले का कोई विद्यार्थी स्थान प्राप्त करता है, तो उसे 1,00,000 रुपए पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ और बेहतर भविष्य देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य बृजेश गुप्ता, जनपद अध्यक्ष पुसौर श्रीमती हेमलता चौहान, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती भाग्यवती नायक, सीईओ जिला पंचायत, अभिजीत बबन पठारे, एसडीएम रायगढ़ महेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, छात्र एवं शिक्षक उपस्थित रहे।



### स्मार्ट क्लासरूम एवं आधुनिक लाइब्रेरी का लोकार्पण रायगढ़ शिक्षा उन्नयन की दिशा में सशक्त कदम

**रायगढ़।** केवड़ाबाड़ी स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित स्मार्ट स्कूल हैंडओवर सेरेमनी में प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने नव.निर्मित आधुनिक लाइब्रेरी एवं स्मार्ट क्लासरूम का लोकार्पण किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि रायगढ़ जिले में शिक्षा अधोसंरचना के उन्नयन को सरकार प्राथमिकता दे रही हैए ताकि विद्यार्थियों को बेहतरए आधुनिक और तकनीक.सक्षम शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। कार्यक्रम में महापौर जीवर्धन चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.केवी राव विभागीय अधिकारी, शिक्षक.कर्मचारी एवं अभिभावक उपस्थित थे। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर विकास कार्यों की सराहना की तथा भविष्य में भी शिक्षा से जुड़े संसाधनों को मजबूत करने हेतु आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। केवड़ाबाड़ी विद्यालय में आयोजित यह कार्यक्रम जिले में शिक्षा उन्नयन और तकनीकी नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.राव ने बताया कि नई लाइब्रेरी में विषयवार पुस्तकोंए संदर्भ सामग्री और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु समृद्ध साहित्य उपलब्ध कराया गया हैए जिससे विद्यार्थियों की अध्ययन अभिरुचि में वृद्धि होगी और उन्हें उच्चस्तरीय ज्ञान संसाधन स्कूल परिसर में ही सुलभ हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लासरूम में स्थापित इंटरैक्टिव स्क्रीन, डिजिटल मॉड्यूल, प्रोजेक्टर एवं हाई.स्पीड इंटरनेट विद्यार्थियों को कठिन विषयों को दृश्यात्मक माध्यमों से समझने में अत्यधिक सहायक सिद्ध होंगे।

# 6 एकड़ रकबा केलो नहर में शामिल, किसान परेशान

**पुसौर।** कोई किसान सालभर अपने खेत में मेहनत मशक्कत कर बोआई रोपाई कटाई करने के बाद जब वह उस फसल को बेचने की कवायद करता है तो संबंधित भूमि रकबा किसी केलो परियोजना के अधिन चला गया हो और वह अपनी फसल बेचने राजस्व विभाग और केलो परियोजना विभाग को जा जा कर परेशान हो गया हो तो इसके लिये जिम्मेदार कौन होगा?

साथ में अपने खेतों में काम करना छोड इन विभागों का चक्कर लगा रहा है इसकी भरपाई कौन करेगा? इस तरह की परेशानी पुसौर तहसील क्षेत्र के ग्राम सिहा के एक किसान को करना पड़ रहा है। जिसके लगभग 6 एकड़ रकबा केलो परियोजना के नहर निर्माण में अधिग्रहित कर लिया गया है और जो सोसायटी के धान पंजीयन सूचि में नहीं दिखा रहा है जिससे वह धान नहीं बेच पा रहा है। जानकारी के मुताविक ग्राम सिहा के माखनु वल्द मंगलु जाति कोल्ता ह.नं. 35 राजस्व मंडल बडेभंडार के काश्तकारी भूमि ख . नं . 103/1,104/2,114/2ख,122/2, इस प्रकार कुल 15 ख.नं. है जिसका रकबा 2.1590हे. है। उक्त भूमि में बीते वर्ष कमाए हुए धान इसने सोसायटी में बेचा था और एकाएक इस वर्ष यह भूमि केलो परियाजना विभाग द्वारा अधिग्रहित कर लिए जाने की बात इसके सामने आई। इसके लिये स्वयं किसान तथा इसके परिजन परेशान हैं। चूंकि सालभर का खर्चा इसी धान से ही चलता है। इनके परिवार के विनोद गुप्ता पिता माखनु गुप्ता का कहना है कि हम अपने उक्त भूमि का रकबा संशोधन के लिए एसडीएम और तहसीलदार का चक्कर कई बार लगा चुके हैं, जहां हमारे जमीन की स्थिति का पता नहीं लग पाया और अब केलो परियोजना में इसकी जांच कराया। जिसमें केलो परियोजना के रिकार्ड में उक्त जमीन किसी भी तरह से अधिग्रहित नहीं



किया जाना बताया गया, जिसकी जानकारी मय दस्तावेज के प्राप्त हो चुकी है। ज्ञात हो कि उक्त किसान विनोद गुप्ता 4 माह पहले अपनी यही स्वामित्व की लगभग 6 एकड भूमि का भारतीय स्टेट बैंक में केसीसी लोन भी बनवाया है और अभी यही भूमि न केलो परियोजना के रिकार्ड में है और न सोसायटी के रिकार्ड में है ऐसे में यह जमीन गया तो गया कहां? जो राजस्व विभाग के एक बडे लापरवाही को दर्शाता है। जानकार बताते हैं कि कुछ माह पहले केलो नहर निर्माण को लेकर जिला प्रशासन हरकत में आया और राजस्व विभाग की लगातार बैठकें ली, जिसमें क्षेत्र के राजस्व कर्मचारी हड़बडी में संतुलन बिठाने रकबे इधर-उधर कर दिए जोकि कई किसानों के लिए यह नुकसानदेय रहा। बताया जाता है कि ज्यादातर किसान के रकबे अधिग्रहित किये जाने के लिए जिला प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जिसके कारण यह रकबा न सोसायटी में दिख रहा है न केलो परियोजना के रिकार्ड में। इसी में से एक किसान यह ग्राम सिहा का हो सकता है। इस संबंध में तहसील कार्यालय पुसौर से मिली जानकारी अनुसार यह त्रुटि हल्का पटवारी द्वारा हो सकता है। इसके लिए उसे रकबा मिलान करते हुए किसान के स्वामित्व की भूमि को उसके नाम में पुनः इन्द्राज करना होगा। उक्त गड़बड़ी को लेकर हल्का पटवारी, आरआई से इनका पक्ष जानने की कोशिश की गई जिसमें सफलता नहीं मिली।

# सुंदरगढ़ एडीएम कोर्ट ने ट्राइबल लैंड रिस्टोर किया



**राउरकेला।** राउरकेला के हृदय स्थल डेली मार्केट स्थित दुर्गा मंडप के पीछे स्थित करोड़ों रुपए मूल्य की 11 डिसीमिल आदिवासी भूमि को लेकर लंबे समय से चला आ रहा विवाद आखिरकार समाप्त हो गया है। इस मामले में सुंदरगढ़ कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए भूमि को इसके मूल मालिक आशा तिर्की और फूलमनी एक्का के नाम रिस्टोर करने का आदेश दिया है।

अदालत के समक्ष प्रस्तुत दस्तावेजों और साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि कथित रूप से दस्तावेजों में हेराफेरी कर महेंद्र केडिया और उनके परिवार द्वारा उक्त भूखंड को अपना बताकर निर्माण की अनुमति ली गई थी। इस पर आपत्ति जताते हुए भूमि की उत्तराधिकारी और आदिवासी विधवा सरोज तिर्की ने राउरकेला नगर निगम आरएमसी में अपील दायर की थी। अपील पर संज्ञान लेते हुए राउरकेला नगर निगम ने विवादित भूमि पर हो रहे निर्माण को लेकर कड़ा रुख अपनाया और कुछ दिन पहले ही वर्क स्टॉप नोटिस जारी कर दिया थाए जिससे निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई।

### फिफ्थ शेड्यूल क्षेत्र होने से एडीएम कोर्ट में हुई सुनवाई

चूंकि सुंदरगढ़ जिला फिफ्थ शेड्यूल क्षेत्र में आता है इसलिए इस मामले की सुनवाई सुंदरगढ़ एडीएम कोर्ट में की गई। लंबी सुनवाई और गहन जांच के बाद अदालत ने दस्तावेजों के आधार पर फैसला तिर्की परिवार के पक्ष में सुनाते हुए भूमि को उसके मूल आदिवासी मालिकों के नाम बहाल करने का आदेश दिया।

### न्याय की जीत : सरोज तिर्की

फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्राइबल विडो लेडी सरोज तिर्की ने इसे न्याय की जीत बताया। उन्होंने न्याय मिलने पर न्यायालय के प्रति आभार जताने के साथ.साथ राज्य के मुख्यमंत्री मोहन माझी का भी धन्यवाद किया।

### आदिवासी भूमि संरक्षण के लिए मिसाल

यह फैसला न केवल तिर्की परिवार के लिए राहत लेकर आया है, बल्कि आदिवासी भूमि संरक्षण के मामले में एक महत्वपूर्ण मिसाल के रूप में भी देखा जा रहा है।

# रेडक्रॉस द्वारा 106 कर्मियों को सीपीआर एवं फर्स्ट एड का दिया गया प्रशिक्षण

**रायगढ़।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ द्वारा जनकल्याणकारी गतिविधियों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए आज कलेक्टोरेट स्थित सृजन सभाकक्ष में प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन तथा चेयरमेन मुकेश शर्मा, सचिव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत, प्रभारी अधिकारी डॉ. एचएस उरांव तथा राज्य प्रबंध समिति के सदस्य संतोष अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के कुल 106 अधिकारीए कर्मचारी एवं वाहन चालकों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण का संचालन राज्य स्तरीय प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर डॉ. अविनाश गुप्ता तथा डॉ.गुलशन सिदार द्वारा किया गया। दोनों प्रशिक्षकों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर की चरणबद्ध प्रक्रिया समझाई और डेमो मॉडल का उपयोग कर



प्रतिभागियों को हैंड्स.ऑन ट्रेनिंग प्रदान की। प्रशिक्षण के दौरान आपात स्थिति में जीवन रक्षक तकनीकों, रक्तस्राव नियंत्रण, बेहोशी की स्थिति में प्राथमिक सहायता, हृदयगति रुकने पर त्वरित सीपीआर तथा दुर्घटना स्थल पर सुरक्षित हस्तक्षेप जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ द्वारा पूर्व में भी जनसेवा एवं राहत कार्यों के लिए कई सार्थक पहलें की गई हैं, जिनमें गरीब एवं जरूरतमंदों को निःशुल्क व्हीलचेयर, ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, एयर वॉटर बेड उपलब्ध कराना, फिजियोथैरेपी सेवाएं, कृत्रिम अंग वितरण, निःशुल्क दवा एवं एंबुलेंस सेवाए स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर, रक्तदान शिविर, टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरण और लावारिश शवों का कफन.दफन जैसे मानवीय कार्य शामिल हैं। कार्यक्रम के अंत में चेयरमेन मुकेश शर्मा द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को उन्हें सीखी गई तकनीकों को अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चिकित्सा अधिकारियों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण



**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम छत्तीसगढ़ एवं नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज बेंगलुरु के संयुक्त तत्वावधान में चिकित्सा अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जिले के समस्त चिकित्सा अधिकारियों एवं आरएमए को मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की सटीक पहचान, प्राथमिक उपचार तथा उचित चिकित्सा प्रबंधन के लिए सक्षम बनाना था। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में बेंगलुरु से आईं डॉ. गुरसिमर कौर ने प्रथम बैच के 50 चिकित्सा अधिकारियों एवं आरएमए को प्रशिक्षण प्रदान किया।

### किसान 31 तक ले सकते हैं बागवानी फसल का लाभ

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी 2025-26 सीजन के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं असमय वर्षा, सूखा, ओलावृष्टि कीट प्रकोप और अन्य जोखिमों से फसल को होने वाली क्षति के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है।

# रायगढ़ जिले में आवारा कुत्तों के लिए एंटीरेबीज टीकाकरण अभियान तेज, अब तक 67 कुत्तों को लगाया गया टीका

**रायगढ़।** जिले में नागरिकों की सुरक्षा और रेबीज संक्रमण की रोकथाम को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा सभी नगरीय निकायों में एंटीरेबीज टीकाकरण अभियान को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर पशु चिकित्सा विभाग और नगरीय निकायों ने संयुक्त रूप से अभियान को सुचारू और सतत रूप से संचालित किया हैए जिसके परिणामस्वरूप जिलेभर में आवारा कुत्तों का टीकाकरण लगातार जारी है।

अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर में 10 दिसंबर को 20 आवारा कुत्तों का डिवर्मिंग और एंटीरेबीज टीकाकरण किया गया। इससे पूर्व नगर पालिका परिषद खरसिया में 8 दिसंबर को 22 कुत्तों का टीकाकरण संपन्न हुआ था। इसी क्रम में नगर पंचायत पुसौर में 5ए 8 और 10 दिसंबर को कुल 8 आवारा कुत्तों में टीकाकरण किया गया। नगर पंचायत धरमजयगढ़ में 29



नवंबर को 10 कुत्तों तथा नगर पंचायत लैलूंगा में 11 दिसंबर को 7 आवारा कुत्तों का डिवर्मिंग और टीकाकरण किया गया। जिले के सभी शहरी क्षेत्रों में चल रहे इस अभियान के तहत अब तक कुल 67 आवारा कुत्तों में एंटीरेबीज टीकाकरण और डिवर्मिंग की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की जा चुकी है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अभियान की गति में किसी प्रकार की कमी न आने पाए और सभी नगरीय निकाय अपने.अपने क्षेत्र में आवारा कुत्तों का व्यापक टीकाकरण सुनिश्चित करें। उप संचालकए पशु चिकित्सा डॉ धरमदास झरिया ने बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में यह अभियान जिले में रेबीज संक्रमण से सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बढ़ते शहरी क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की संख्या में वृद्धि के मद्देनजर नियमित टीकाकरण अत्यंत आवश्यक हैए ताकि संक्रमण का खतरा न्यूनतम रहे। जिला प्रशासन और पशु चिकित्सा विभाग के इस संयुक्त प्रयास से रायगढ़ जिले में रेबीज नियंत्रण को नई गति मिली है।

# कोठीखोल डुमरपाली स्कूल ने जिले में रचा इतिहास

**कटेली।** विकासखंड बरमकेला अंतर्गत ओड़िशा सीमा से लगे सुदूर अंचल के अंतिम छोर पर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला डुमरपाली ने यह सिद्ध कर दिया है कि संसाधनों की कमी कभी भी प्रतिभा और समर्पण के आगे बाधा नहीं बन सकती। सीमित सुविधाओं के बावजूद इस विद्यालय ने शैक्षणिक उत्कृष्टता का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है, जो पूरे जिले के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गया है।

वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा 5वीं के छात्र हिमांशु साहू ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले के टॉप टेन में 11वां स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि न केवल छात्र की मेहनत का परिणाम है, बल्कि विद्यालय के शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन, अनुशासन और समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण भी है। इस शानदार सफलता में विद्यालय के शिक्षक दिलीप भोई, स्वंय सेवि हसीना भोई एवं ज्योति साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विशेष रूप से शिक्षक दिलीप भोई, स्वंय सेवी हसीना भोई, व



ज्योति साहू के निरंतर प्रयास, व्यक्तिगत ध्यान और बच्चों के प्रति संवेदनशील शिक्षण पद्धति ने इस सफलता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। ग्रामीणों एवं पालकों ने छात्र हिमांशु साहू की उपलब्धि का श्रेय स्वंय सेवी हसीना भोई और ज्योति साहू, शिक्षक दिलीप भोई को देते हुए उनके योगदान की भूरि.भूरि प्रशंसा की है। ओड़िशा बॉर्डर पर बसे इस विद्यालय मे गांव के बच्चे, विशेषकर बालक बालिकाएं, नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और सीमावर्ती क्षेत्र की चुनौतियों के बावजूद यहां पढ़ने वाली छात्राएं शैक्षणिक क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का मान.सम्मान बढ़ा रही हैं। यह विद्यालय अब सिर्फ शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और आत्मविश्वास का प्रतीक बन चुका है। विद्यालय में कार्यरत रहे शिक्षक दिलीप भोई, स्वंय सेवी हसीना भोई और स्वंय सेवी ज्योति साहू वर्तमान मे बीते तीन वर्षों से लगातार सेवा दे रही हैं। उन्होंने न केवल पाठ्यक्रम को समय पर पूर्ण कराया, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया। नियमित पुनरावृत्ति, अतिरिक्त कक्षाएं, पालकों से संवाद और बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करना उनकी शिक्षण शैली की विशेषता रही है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे गांव में हर्ष और गर्व का माहौल है। ग्रामीणों, पालकों एवं जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय पहुंचकर शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। ग्राम पंचायत के सरपंचए सचिव एवं अन्य गणमान्य नागरिकों के हाथों हिमांशु साहू छात्र को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में वक्ताओं ने कहा कि ऐसे समर्पित शिक्षक ही ग्रामीण और सुदूर अंचल के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं।

### आशा निकेतन के बुजुर्गों के लिए बड़ी राहत, अब पेंशन राशि सीधे आश्रम में ही उपलब्ध होगी



**रायगढ़।** जिले के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक और सहज जीवन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग ने एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील पहल की है। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं का लाभ आशा निकेतन वृद्धाश्रम, कौहाकुण्डा में निवासरत पात्र बुजुर्गों को नियमित रूप से मिलता है, लेकिन पेंशन राशि प्राप्त करने के लिए उन्हें अब तक बैंक जाकर लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता था। बढ़ती उम्र, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं और आवागमन की कठिनाइयां इस प्रक्रिया को और अधिक चुनौतीपूर्ण बना रही थीं। इन कठिनाइयों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग ने तत्काल पहल करते हुए सीएससी प्रबंधक को निर्देशित कर पत्र जारी किया कि प्रतिमाह 10 तारीख तक आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से ही वृद्धाश्रम परिसर में पेंशन राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।



# 'ना तो कारवां की तलाश' नया नहीं, 1960 का पुराना गाना है

**मुंबई।** फिल्ममेकर आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का जादू हर तरफ छाया हुआ है, जिसमें रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल लीड रोल्स में हैं। फिल्म को दर्शकों से काफी प्यार मिल रहा है और यही नहीं, फिल्म की बाकी बातों की तरह इसके गानों को भी उतना ही पसंद किया जा रहा है। लोग सबसे ज्यादा तो रणवीर सिंह के एंट्री सॉन्ग 'ना तो कारवां की तलाश है' की बात कर रहे हैं। इस गाने पर खूब रील्स भी कट रहे हैं। धुरंधर में रणवीर सिंह की एंट्री पर बजने वाला गाना 1960 की हिंदी क्लासिक फिल्म 'बरसात की रात' का कव्वाली सॉन्ग 'ना तो कारवां की तलाश है' है। इस फिल्म का निर्देशन पी. एल. संतोषी ने किया था और इसमें भरत भूषण और मधुबाला लीड रोल्स में थे।

## लाइफ Style

# ऋचा
## चाहती थीं काम करना, शरीर और मन नहीं था तैयार


ऋचा चड्ढा आखिरी बार साल 2023 में आई फिल्म 'फुकरे 3' और पिछले साल आई वेब सीरीज 'हीरामंडीः द डायमंड बाजार' में दिखाई दीं। पिछले साल जुलाई में ही उन्होंने बेबी गर्ल को जन्म दिया. तबसे उन्होंने काम नहीं किया और बेबी के साथ ही वक्त बिता रही हैं। अब उन्होंने एक भावुक नोट शेयर किया है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऋचा चड्ढा ने मां बनने के बाद अपने जीवन में आए इमोशनल, फिजिकल और प्रोफेशनल चैलेंजेस के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने लगभग दो साल बाद काम पर लौटने की अपनी जर्नी को भी साझा किया है। उन्होंने ईमानदारी और बेबाकी के मैटरनिटी और एंटरटेमनेंट की दुनिया की सच्चाइयों को बिना किसी लाग-लपेट के सामने रखा है। ऋचा चड्ढा अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के साथ-साथ नोट भी लिखा है। उन्होंने नोट में काम पर लौटने की मुश्किलों का जिक्र किया है। उन्होंने माना कि भले ही वह जल्दी लौटना चाहती थीं, लेकिन उनका शरीर और मन इसके लिए तैयार नहीं था। उन्होंने बच्चे के जन्म के बाद मानसिक रूप से धीरे-धीरे और जटिल तरीके से उबरने की बात कही। ऋचा चड्ढा ने यह भी बताया कि एक नई मां को खुद को फिर से खोजने के लिए किस तरह के सपोर्ट सिस्टम की जरूरत होती है। ऋचा ने इस संवेदनशील दौर में अपने पेशेवर जीवन में झेली गई तकलीफों का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने इंडस्ट्री में विश्वासघात और नैतिकता की कमी को लेकर खुलकर बात की। ऋचा चड्ढा का पोस्ट सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हस्तियों, खासकर नई मांओं पर कंटेंट बनाने के दबाव की भी आलोचना करता है।



## हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रीट फाइटर का पहला लुक आया सामने

**लॉस एंजिल्स।** विद्युत जामवाल फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर'से हॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। अब फिल्म से उनका पहला लुक सामने आया है। अपने फर्स्ट लुक में विद्युत बाल्ड लुक में काफी दमदार नजर आ रहे हैं। उनका ये लुक रिवील होते ही सोशल मीडिया पर भी छाया हुआ है। लोकप्रिय वीडियो गेम पर आधारित फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर'में विद्युत जामवाल योगी धल्सिम की भूमिका में नजर आएंगे। अब उनका पहला लुक सामने आया है। इस लुक में विद्युत बाल्ड (गंजे) नजर आ रहे हैं। फर्स्ट लुक में विद्युत मार्शल आर्ट की एक पोजिशन में नजर आ रहे हैं। वो हाथों, पैरों, गले और कानों में अजीब से भारी आभूषण पहने हुए हैं। सिर और चेहरे पर लाल रंग से लाइनें भी बनी हुई हैं।



# एक्शन अंदाज में नजर आईं मिली एल्कॉक

**लॉस एंजिल्स।** डीसी स्टूडियोज की नई फिल्म 'सुपरगर्ल' अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में इस फिल्म का टीजर-ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। एक्शन से भरपूर इस टीजर ने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। टीजर-ट्रेलर की शुरुआत एक आम टीनएज लड़की से होती है, जिसकी जिंदगी काफी अस्त-व्यस्त है। लेकिन, परिस्थिति कुछ ऐसी बनती हैं कि उसे अपनी सुपरपावर का इस्तेमाल करना पड़ता है, बुरे लोगों से दुनिया को बचाना पड़ता है। इस काम में उसकी मदद एक अनजान लड़की भी करती है। फिल्म 'सुपरगर्ल' को क्रेग गिलेस्पी ने निर्देशित किया है। फिल्म के टीजर-ट्रेलर के साथ मेकर्स ने रिलीज डेट भी शेयर की है। अगले साल यह फिल्म रिलीज होगी। इस रिलीज की तारीख जून 2026 है। फिल्म 'सुपरगर्ल' में भी 'सुपरमैन' के लेवल का एक्शन और वीएफएक्स देखने को मिल रहा है। विलेन भी काफी खूंखार नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड स्कोर भी एक्शन सीन्स पर परफेक्ट बैठ रहा है।




# बॉर्डर 2 का टीजर 16 दिसंबर को होगा रिलीज

**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म के टीजर रिलीज को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल 'बॉर्डर 2' का टीजर 16 दिसंबर को विजय दिवस के मौके पर रिलीज किया जाएगा। टीजर की रिलीज डेट घोषित करते हुए मेकर्स की ओर से फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया गया है। इस पोस्टर में फिल्म के चारों नायक सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं। अलग-अलग जारी किए गए किरदारों के पोस्टर्स के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह पैदा हो गया है। अब मेकर्स ने एक साथ चारों किरदारों की झलक दिखाई है। इस पोस्टर के सामने आने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह और भी बढ़ गया है।




# फोर मोर शॉट्स प्लीज के चौथे सीजन का आया ट्रेलर

**मुंबई।** ओटीटी की लोकप्रिय महिला-केंद्रित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' एक बार फिर अपने दर्शकों से मुखातिब होने को तैयार है। चौथा और फाइनल सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है और इसे देखकर साफ हो जाता है कि इस बार कहानी सिर्फ ग्लैमरस नाइट-लाइफ, रिश्तों और दिल टूटने तक सीमित नहीं रहने वाली, बल्कि इस बार बात पर्सनल लड़ाइयों तक जा पहुंची है। इस बार ट्रेलर में काफी कुछ खास देखने को मिलेगा। अमेजन प्राइम वीडियो पर 19 दिसंबर को स्ट्रीम होने वाली इस सीरीज में सिद्धि, उमंग, दामिनी और अंजना अपने जीवन के उस मोड़ पर खड़ी नजर आती हैं, जहां उन्हें यह स्वीकार करना पड़ता है कि अब बदलाव जरूरी है। ट्रेलर में चारों दोस्त खुद को सुधारने के लिए छह महीनों की चुनौती लेती दिखती हैं।

## टीवी मसाला





# केबीसी में 25 लाख रुपए के सवाल पर गोल्ड मेडलिस्ट ने भी मानी हार

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के एक एपिसोड की शुरुआत रोलओवर कंटेस्टेंट शीतल के साथ हुई जो कृषि विज्ञान से जुड़े फील्ड में गोल्ड मेडलिस्ट हैं। उन्होंने बिग बी द्वारा पूछे गए शुरुआती दस सवालों का बड़े अच्छी से जवाब दिया और सुपर संदूक राउंड में 8 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन 'ऑडियंस पोल' जिंदा कर दी है। अमिताभ बच्चन ने कंटेस्टेंट शीतल से कंटेस्टेंट 12.50 लाख रुपए के 12वें सवाल फंस गई थीं। हालांकि, उन्होंने अपनी बची दोनों लाइफलाइन 50-50 और संकेत सूचक का इस्तेमाल किया और जोखिम उठाते खेल जारी रखा। बिग बी ने कंटेस्टेंट से सवाल पूछा, 'टेस्ट शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर कौन हैं, जो टेस्ट टीम की पहली कप्तान भी थीं?' विकल्प हैं- ए. डायना एडुल्जी, बी. शांता रंगस्वामी, सी. नीतू डेविड, डी. शुभांगी कुलकर्णी। कंटेस्टेंट ने रिस्क उठाते हुए विकल्प बी. शांता रंगस्वामी को चुना, जो सही है। बिग बी ने फिर कंटेस्टेंट से 25 लाख रुपए का 13वां सवाल पूछा, 'आइसैक न्यूटन ने 1687 में अपनी रचना, 'प्राकृतिक दर्शन के गणितयी सिद्धांत'किस भाषा में प्रकाशित की थी?' विकल्प हैं- ए. यूनानी, बी. फ्रेंच, सी. लैटिन, डी. अंग्रेजी। कंटेस्टेंट शीतल ने इस सवाल पर गेम क्विट कर दिया और 12.50 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं। इस सवाल का सही जवाब है- लैटिन।

## 'क्योंकि सास' में होगी नए चेहरे की एंट्री

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में अब शो में एक नए चेहरे की एंट्री होने जा रही है। शो में छह साल के लीप की बात भी बरखा बिष्ट ने कंफर्म की है। शो में नए चेहरे और 6



साल के लीप के बाद फैंस को बहुत सारे ट्विस्ट और टर्न देखने को मिल सकते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो शो में संदीप बसवान की एंट्री हो सकती है। संदीप की एंट्री शो में साहिल वीरानी के रूप में होगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, संदीप बसवान शो में नए ट्विस्ट और टर्न लेकर आएंगे। संदीप बसवान शो के पहले सीजन का भी हिस्सा थे। सीजन 2 में उनके रिटर्न को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। हालांकि, मेकर्स या संदीप की तरफ से इस बात का कोई कंफर्मेशन नहीं आया है। रिपोर्ट्स की मानें तो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में लीप के बाद अंगद और वृंदा का पेरेंटहुड दिखाया जाएगा। दोनों के दो बच्चे दिखाए जाएंगे। वहीं, मिहिर और तुलसी के बीच दूरी भी देखने को मिलेगी। शो का जो नया प्रोमो आया है उसमें दिखाया गया कि तुलसी अंगद और वृंदा के साथ चॉल में रह रही होगी।



# सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक ओटीटी पर रिलीज हुआ एंटरटेनमेंट का सुपरडोज

**नई दिल्ली।** दिसंबर का दूसरा शुक्रवार ओटीटी दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं। साल के आखिर में जहां प्लेटफॉर्म्स अपनी सबसे मजबूत लाइनअप सामने ला रहे हैं, वहीं 12 दिसंबर को एक ही दिन में पांच दमदार रिलीज ने वीकेंड को पहले से एक्साइटेड बना दिया है। नेटफ्लिक्स से लेकर जी 5 और जियो हॉटस्टार तक- हर प्लैटफॉर्म ने ऐसा कंटेंट पेश किया है जो मनोरंजन के अलग-अलग टेस्ट को पूरा करता है। सस्पेंस, कॉमेडी, फैमिली ड्रामा, इमोशन्स और रोमांच- इस बार की लिस्ट में सबकुछ देखने को मिल रहा है।

### वेक अप डेड मैनः ए नाइव्स आउट मिस्ट्री

डेनियल क्रेग की वापसी के साथ नाइव्स आउट सीरीज का नया अध्याय दर्शकों में रोमांच भरने के लिए तैयार है। यह कहानी एक ऐसे धार्मिक समुदाय में होने वाली हत्या के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो पहली नजर में भले ही शांत दिखे, लेकिन भीतर कई रहस्यों को छिपाए बैठा है। जासूस बेनोइट ब्लांक इस बार एक युवा पादरी के साथ मिलकर उस पहेली को सुलझाने निकलता है जो असंभव लगती है। अनोखे किरदार, तनाव और चौंका देने वाले मोड़ों के कारण यह फिल्म मिस्ट्री प्रेमियों के लिए परफेक्ट वॉच है। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।

### कांता

1950 के दशक का मद्रास, बदलते सामाजिक ढांचे का दौर और उसके बीच पैदा हुआ रचनात्मक तनाव- 'कांता' अपनी पृष्ठभूमि और प्रस्तुति के कारण एक अलग ही दुनिया में ले जाती है। दुलकर सलमान, राणा दग्गुबाती और समर्थ कलाकारों की टोली इस पीरियड मिस्ट्री को ऊंचाई देती है। फिल्म उद्योग की प्रतिस्पर्धा से शुरू होने वाली कहानी जल्द ही एक स्याह मोड़ लेती है जब हत्या की गुत्थी खुलती है। विंटेज अंदाज और रहस्य का मिश्रण इसे विशेष बनाता है।

### सिंगल पापा

हल्की-फुल्की कॉमेडी और इमोशनल टच चाहने वालों के लिए यह नई सीरीज काफी अच्छी साबित होने वाली है। कुणाल खेमू एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका में हैं, जिसकी जिंदगी तलाक के बाद अचानक करवट लेती है- जब वह एक बच्चे को गोद ले लेता है। बेपरवाह और बचकाने स्वभाव वाला गौरव गेहलोत जब पेरेंटिंग की जिम्मेदारियों में घिरता है, तो परिवार की प्रतिक्रियाएं और हालात मजेदार भी बनते हैं और भावुक भी। रिश्तों, जिम्मेदारियों और नए आरंभ की यह कहानी दिल को छूने वाली है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे चुकी है।

# कुछ हद तक हंसाती है कपिल की फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2'

**नई दिल्ली।** सोचिए अगर एक ही आदमी मोहन, महमूद, माइकल और मंजीत चार किरदार निभाए, चार धर्मों में अलग-अलग बीवियां रखे तो उसका हश्र क्या होगा? बस इतनी कहानी है फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' की। फिल्म की शुरुआत होती है भोपाल शहर के रहने वाले मोहन शर्मा (कपिल शर्मा) से जो सानिया (वरीना) से बेहद प्यार करता है। सानिया से शादी करने के चक्कर में मोहन के सामने ऐसी-ऐसी सिचुएशन आती है कि उसे रूही (आयशा खान), मीरा (त्रिधा चौधरी) और जेनी (पारुल गुलाटी) से भी शादी करनी पड़ जाती है। अब अंत में मोहन अपना असली प्यार कैसे पाता है? यह आपको फिल्म देखकर पता चलेगा।

### कैसा है अभिनय ?

कपिल शर्मा कॉमेडी तो कर सकते हैं पर एक्टिंग में सिर्फ कॉमेडी नहीं करनी होती, यह उन्हें समझना होगा। हालांकि, उनका काम पहले से बेहतर है पर रोमांटिक गानों और इमोशनल सीन में वो फीके लगते हैं। हां, कॉमिक टाइमिंग और पंच मारने में उन्हें कोई टक्कर नहीं दे सकता। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि उन्होंने यह फिल्म अपने कंधों पर संभाली है। चार हीरोइन वाली इस फिल्म में आयशा और त्रिधा का काम अच्छा है। पारुल कहीं-कहीं फीकी रहीं। वरीना के तो एक्सप्रेशन पूरी फिल्म में गायब ही रहे। मनजोत ने इस फिल्म को बखूबी संभाला है। अखिलेंद्र मिश्रा और विपिन शर्मा जैसे मंझे हुए कलाकार भी इस फिल्म के संभालते हैं। सुशांत का रोल छोटा है पर उनका काम ठीक है। असरानी के कुल चार सीन हैं और उन्हें देखकर अच्छा लगता है। पूरी फिल्म में जैमी लीवर की ओवरएक्टिंग और एक ही टोन इरिटेट करती है।



### क्या बेहतर ?

यह फिल्म चार धर्मों की बात करती है पर कहीं भी ऐसा डायलॉग या सीन नहीं है जो किसी धर्म को आहत करे। यह कमाल राइटर का है। फिल्म में कपिल शर्मा, मनजोत सिंह, विपिन शर्मा, अखलेंद्र मिश्रा जैसे कलाकार आपको हंसाते हैं। कुछ पंच और कुछ सीन अच्छे बन पड़े हैं। एक गाना छोड़ दें तो परिवार के साथ इस फिल्म के देख सकते है। फिल्म के लास्ट सीन में आपके लिए एक सरप्राइज है, जो अच्छा है।

## 100वीं फिल्म 'श्री राघवेंद्र' थी, जिसमें उन्होंने हिंदू संत राघवेंद्र स्वामी का किरदार अदा किया

# जब बस कंडक्टर को हुआ एमबीबीएस स्टूडेंट से प्यार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 1975 में जब सिनेमाघरों में कल्ट फिल्म शोले रिलीज हुई थी। ठीक उसी दिन 15 अगस्त 1975 को भारतीय सिनेमा में एक ऐसे शख्स ने कदम रखा था, जो इससे पहले बस कंडक्टर का काम करता था। उस वक्त किसी को नहीं पता था कि आगे चलकर ये एक्टर हिंदी सिनेमा का सबसे बड़ा सुपरस्टार रजनीकांत बन जाएगा।

### मराठी परिवार में हुआ जन्म

रजनीकांत का जन्म 12 दिसंबर 1950 को एक मराठी परिवार में हुआ था। उनके पिता पुलिस हेड कांस्टेबल थे। फिल्म इंडस्ट्री में आने से पहले रजनी का नाम शिवाजी राव गायकवाड़ था। रजनी जब महज चार वर्ष के थे तब उनके सिर से मां का साया हट गया। घर की आर्थिक स्थिति खराब थी। इस वजह से रजनीकांत को बचपन में कई संघर्षों से गुजरना पड़ा।

### के. बालचंद्र ने पहचानी रजनी की प्रतिभा

एक्टिंग सीखने के दौरान ही रजनीकांत की मुलाकात दिग्गज फिल्म निर्देशक के. बालचंद्र से हुई। के. बालचंद्र ही वो निर्देशक हैं, जिन्होंने रजनीकांत की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें पहली बार अपनी फिल्म में मौका दिया। के. बालचंद्र ने ही शिवाजी राव गायकवाड़ को रजनीकांत नाम दिया। रजनीकांत का नामकरण 27 मार्च 1975 को होली के मौके पर हुआ था और दिन था गुरुवार। जिसे रजनीकांत अपने लिए शुभ मानते थे।



### पहली फिल्म में निभाई निगेटिव भूमिका

*रजनीकांत ने साल 1975 में आई फिल्म 'अपूर्व रागंगल' से फिल्मी दुनिया में कदम रखा। यह फिल्म 15 अगस्त 1975 को रिलीज हुई थी, जिस दिन हिंदी सिनेमा की कल्ट फिल्म शोले भी रिलीज हुई थी। उस वक्त रजनीकांत की उम्र 25 वर्ष थी। डेब्यू फिल्म में वे एक छोटी सी निगेटिव भूमिका में दिखाई दिए। कुछ वक्त तक इसी तरह के रोल किए। इसके बाद उनके पास लीड रोल का ऑफर आना शुरू हो गया और देखते ही देखते वे इस कदर सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए कि आज फैंस उन्हें भगवान का दर्जा देते हैं। फिल्मी दुनिया में रजनीकांत का क्या कद है, यह दुनिया जानती है।*

### अमिताभ बच्चन के साथ की बॉलीवुड में शुरुआत

दक्षिण सिनेमा में कॅरियर शुरू करने के करीब आठ साल बाद रजनीकांत ने बॉलीवुड का रुख किया। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'अंधा कानून' थी। साल 1983 में रिलीज हुई इस फिल्म में रजनीकांत ने हेमा मालिनी, अमिताभ बच्चन, प्राण, अमरीश पुरी और डैनी डेंगजोंग्पा जैसे कलाकारों के साथ काम किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त रही। इसने बजट से करीब चार गुना अधिक कारोबार किया है।

### फिल्मों में आने से पहले थे बस कंडक्टर

फिल्मों में आने से पहले रजनीकांत का जीवन काफी संघर्षमय था। फिल्मों में आने से पहले रजनीकांत एक कुली और बस कंडक्टर रह चुके हैं। उन्होंने ऑफिस बॉय के रूप में भी नौकरी की। हालांकि, बस कंडक्टर रहते हुए रजनी के टिकट बेचने का तरीका काफी स्टाइलिश था, जिसकी वजह से वो यात्रियों और बस ड्राइवर्स व कंडक्टरों में काफी मशहूर भी थे।

### निम्मी के प्यार में थे 'थलाइवा'

हीरो बनने से पहले जब रजनीकांत बस कंडक्टर थे, उस वक्त वो एक लड़की के प्यार में थे। लड़की का नाम निर्मला था, लेकिन रजनीकांत उन्हें प्यार से निम्मी बुलाते थे। रजनीकांत ने अपनी बायोग्राफी 'द नेम इज रजनीकांत'में इस किस्से का जिक्र किया है। रजनीकांत आज जो भी हैं, वो निम्मी की वजह से ही हैं। निर्मला एमबीबीएस की स्टूडेंट थीं। रजनीकांत अक्सर उनसे मिलते थे। निम्मी ने ही रजनीकांत को अभिनय कोर्स करने के लिए प्रोत्साहित किया था। रजनीकांत, निम्मी के साथ शादी के सपने देखने लगे थे, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

### 10 साल में कर डालीं 100 फिल्में

रजनीकांत के कॅरियर की गाड़ी चल पड़ी तो उनके पास फिल्मों के भी खूब ऑफर आने लगे। इस बात का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि अपने कॅरियर के 10 वर्षों में उन्होंने 100 फिल्में पूरी कर डालीं। अभिनेता की 100वीं फिल्म 'श्री राघवेंद्र' थी, जिसमें उन्होंने हिंदू संत राघवेंद्र स्वामी का किरदार अदा किया।

## खबर संक्षेप



### पुसौर में जीवनदीप समिति की हुई बैठक

**पुसौर।** जीवनदीप समिति सामुदायिक स्वास्थय केंद्र पुसौर की कार्यकारणी सभा की बैठक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में सामुदायिक स्वास्थय केंद्र पुसौर के सभाकक्ष में संपन्न हुआ। बैठक में वर्ष 2024-25 के व्यय एवं अस्पताल में सौंदर्यकरण, पार्किंग, अस्पताल के चारों ओर नाली निर्माण कार्य आदि प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। उक्त बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पुसौर डॉ विनोद नायक, खंड चिकित्सा अधिकारी पुसौर अजय पटेल, हेमानसभूषण गुप्ता, संजय षडंगी, पालेश्वर गुप्ता, दुबे जी उप यंत्री विधुत विभाग पुसौर, डॉ दिनेश कुमार नायक, नवीन शर्मा, अनीता यादव एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### मानव अधिकार दिवस पर वर्चुअल मीटिंग का आयोजन

**रायगढ़।** राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर सोशल फोरम ऑफ ह्यूमन राइट्स द्वारा एक महत्वपूर्ण वर्चुअल मीटिंग का आयोजन किया गया, यह दिन हमें याद दिलाता है कि दुनिया के कई हिस्सों में आज भी लाखों लोग गरीबी, भेदभाव, युद्ध और तानाशाही के कारण अपने मौलिक अधिकारों से वंचित हैं। यह सरकारों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों को उनके कर्तव्यों का स्मरण कराता है कि वे इन अधिकारों की रक्षा और प्रचार करें। जिससे यह सुनिश्चित होता है कि शिक्षाए स्वास्थ्य सेवा और काम का अधिकार भी मानव गरिमा के लिए उतना ही आवश्यक है जितना कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता। विश्व मानवाधिकार दिवस हमें इन चुनौतियों पर सामूहिक रूप से विचार करने और ठोस कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करता है।

## निधन

### जगदीश प्रसाद महंत

**रायगढ़।** बरमकेला विकासखंड के अंतर्गत ग्राम देवगांव निवासी महंत जगदीश प्रसाद आज 92 वर्ष की आयु में पंचतत्व में विलीन हो गए। वे शिक्षक ध्रुव कुमार महंत और पत्रकार स्वतंत्र महंत के पिताजी थे। विदित हो कि जगदीश प्रसाद महंत 92 वर्ष की उम्र में भी सख्त अनुशासन, कार्य के प्रति समर्पण, समयबद्धता और समाजसेवा के जीवंत प्रतिमूर्ति थे। कबीर गुरुगद्दी दामाखेड़ा से पंजीकृत समाज के प्रतिष्ठित महंत थे। सामाजिक समरसता के पक्षधर जगदीश प्रसाद महंत अपने पीछे भरे पूरे परिवार को छोड़कर इस दुनिया से अलविदा हुए। उनके इष्ट मित्रों, शिक्षक बंधुओं और पत्रकार साथियों ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किए हैं।



### रूपचंद अग्रवाल

**सरिया।** नगर पंचायत सरिया के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल के पिता रूपचंद अग्रवाल का 12 दिसंबर रात 9 बजे हृदय गति रुकने से निधन हो गया, वे 75 वर्ष के थे। सीधा, सरल, शांत स्वभाव प्रवृत्ति के धनी रूपचंद अग्रवाल का अंतिम संस्कार 13 दिसंबर सुबह 12 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि में सजातीय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। उन्होंने अपने पीछे चार पुत्र उमेश अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल तथा योगेश अग्रवाल का भरा पूरा परिवार छोड़ गए। रायगढ़ विधायक व वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने उनके निधन की खबर को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों के साथ हैं, ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को यह असहनीय दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



---

### पीआईसी बैठक में सर्वसम्मति से स्वीकृति, सड़क चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया तेज

# खरसिया में जलभराव से मिलेगी स्थाई राहत नाला निर्माण के दूसरे फेज को मिली गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लगातार विस्तार ले रहे खरसिया नगर में बरसात के दिनों में वार्ड क्रमांक 8 और 16 में होने वाले जलभराव की समस्या को स्थायी समाधान देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद खरसिया ने नाला निर्माण कार्य को नई दिशा दी है। पीआईसी की बैठक में वार्ड पार्षद राधे राठौर की अनुशंसा पर इस सम्बन्ध में प्रस्ताव पारित किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा प्रारंभिक निरीक्षण में सड़क के दोनों ओर 20-20 फीट अधिग्रहित भूमि की जानकारी दी गई थी, किंतु विस्तृत रिकॉर्ड जांच में यह अधिग्रहित भूमि वास्तव में सड़क के दोनों ओर 40-40 फीट पाई गई। इस संशोधित स्थिति को देखते हुए नाला निर्माण के ले आउट में सुधार किया गया है। अब नाला सड़क के मध्य से 40 फीट सीमा में उत्तर दिशा की ओर निर्मित किया जाएगा। पीआईसी ने इस संशोधित प्रस्ताव को सर्व.सम्मति से मंजूरी दी है। अधिग्रहित भूमि



के भीतर होने के कारण सड़क के दोनों ओर किए गए अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई भी शुरू हो गई है। इसी संबंध में नगर पालिका द्वारा 5 दिसंबर 2025 को पत्र क्रमांक 2241 के माध्यम से अनु. अधिकारी रा.अनु. अधिकारी पु. एवं अनु. अधिकारी, पीडब्ल्यूडी खरसिया को अवगत कराते हुए अतिक्रमण हटाने का अनुरोध किया गया है। पीआईसी बैठक दिनांक 20 नवंबर संकल्प क्र. 8,3 में यह स्पष्ट किया गया कि सड़क पर हुए अतिक्रमणों के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है, इसलिए सड़क का चौड़ीकरण अत्यंत आवश्यक है। साथ ही नगर के आठ वार्डों के पानी निकासी हेतु बंधवा तालाब से राठौर चौक तक बन रहे नाले को आगे फगुरम नाला तक जोड़ने के लिए लगभग 750 मीटर नाला निर्माण प्रस्तावित भी किया गया है। मंगल बाजार के पास से फगुरम नाला की ओर प्राक्कलन तैयार करने और नियमानुसार आगे की कार्रवाई हेतु भी सर्व.सम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई है। बताते चलें कि नगरपालिका अध्यक्ष कमल गर्ग के पिछले कार्यकाल में पानी निकासी परियोजना के प्रथम फेज का कार्य पूर्ण कर लिया गया था। अब उनके वर्तमान कार्यकाल में वार्ड 8 से 16 तक के जलभराव समाधान के लिए दूसरा फेज तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत नया बस स्टैंड से बंधवा तालाब बाईपास तक नाला निर्माण हो चुका है तथा बंधुआ से राठौर चौक तक नाला निर्माणाधीन है एवं इसे फगुराम नाला से जोड़ने का कार्य प्रस्तावित है। इस परियोजना के पूरा होने पर इन सभी वार्डों को बरसाती जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है। खरसिया नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नीतू अग्रवाल ने बताया कि नगर में वर्षों से बनी जलभराव की समस्या को समाप्त करने के लिए नाला निर्माण कार्य प्राथमिकता पर लिया गया है। अधिग्रहित भूमि की स्पष्ट स्थिति सामने आने के बाद अब काम व्यवस्थित तरीके 40 फीट की सीमा में पूरा कराया जाएगाए ताकि नागरिकों को स्थायी समाधान और चौड़ी सड़क मिल सके। जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए यह व्यापक नाला निर्माण और भविष्य में प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण परियोजना खरसिया के शहरी विकास में एक महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### टीएचआर में शुगर की मात्रा में की गई कमी

**रायगढ़।** राज्य सरकार द्वारा बच्चों के संपूर्ण विकास एवं पोषण गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों में वितरित किए जाने वाले टेक होम राशन टीएचआर में शुगर की मात्रा को 27 प्रतिशत से घटाकर 11 प्रतिशत कर दिया गया है। यह निर्णय वैज्ञानिक तथ्यों, स्वास्थ्य मानकों तथा राष्ट्रीय दिशा.निर्देशों के अनुरूप लिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार अत्यधिक चीनी का उपयोग बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध होता है। शुगर की अधिक मात्रा बच्चों में मोटापा, दांतों की सड़न तथा कम उम्र में मधुमेह जैसी स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को बढ़ाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी बच्चों के आहार में न्यूनतम मात्रा में चीनी उपयोग करने की अनुशंसा करता है। टीएचआर का मूल उद्देश्य बच्चों को आवश्यक पोषण उपलब्ध कराना है। शुगर अधिक होने पर कैलोरी तो बढ़ती है, परंतु प्रोटीन, आयरन और विटामिन जैसे आवश्यक पोषक तत्वों की उपलब्धता कम हो जाती है। शुगर की मात्रा कम करने से पोषक तत्वों का अनुपात बढ़ेगा तथा दाल, दलिया, चना और मूंगफली जैसे पौष्टिक अवयवों का समुचित समावेश संभव होगा।

# जम्मू से खेलकर आए खिलाड़ियों का सरपंच ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

प्रदेश में इन दिनों लेक्रास खेल को लेकर खिलाडियों में एक बड़ी जागरूकता आई है। जिसके लिये प्रायः खिलाड़ियों के साथ एक सायकिल और लेक्रास स्टीक जरूर होता है। पिछले कुछ सालों में पुसौर क्षेत्र के ये खिलाड़ी देश ही नहीं बल्कि दूसरे देशों में भी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहे हैं। इसी क्रम में देवलसुरा के युवा सरपंच कृष्णा डनसेना ने बताया कि लेक्रास खेल को बढ़ावा देने खिलाड़ियों का सहयोग एनटीपीसी लारा सहित कई प्रभावी लोगों द्वारा किया जा रहा है। वहीं ग्राम पंचायत देवलसुरा के बैनर तले भी इनका सम्मान होता रहा है। इसी कड़ी में इन्होंने जम्मु से खेल कर आए महिला खिलाडियों का सम्मान किया। जानकारी के मुताविक नेशनल लेक्रास फेडरेशन कप 2025 में छत्तीसगढ़ ने तीसरा स्थान प्राप्त कर चुका है, जिसमें पुसौर क्षेत्र के ग्राम देवलसुरा, दर्रीपाली, महलोई, कोडपाली व तरडा के 7 प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ियों की सहभागिता रही जिन्हें सरपंच कृष्णा डनसेना विधिवत पंचायत भवन में निमंत्रित करते हुए उनका सम्मान किया। सरपंच डनसेना ने बताया कि आंचल चौहान, आरती चैहान, सोन



बनजारा, शाति प्रधान, मानसी भूमिया, स्वाती बनजारा, सीतल सरल, प्रेमलता निषाद, ज्योति प्रधान, सोनम गुप्ता, तनीसा गुप्ता, जिज्ञासा कलाटे, ममता मेहर एवं महिमा इस तरह लेक्रास खिलाडियों का एक टीम है जो रोज अभ्यास करते रहे हैं। इनमें से ज्यादातर खिलाड़ी अपने देवलसुरा क्षेत्र से हैं। इसमें से 7 खिलाड़ियों ने जम्मु में आयोजित लेक्रास प्रतियोगिता में आन्ध्रप्रदेश, गुजरात तेलंगाना तथा राजस्थान टीम के साथ खेले जिसमें इन्हें छत्तीसगढ़ तृतीय पुरस्कार मिला। ज्ञात हो कि ये खिलाड़ी पूरे प्रदेश का नेतृत्व कर रहे थे जो पुसौर क्षेत्र के हैं ऐसे में यह एक गर्व का विषय है।

# कोर्ट परिसर में लगी राष्ट्रीय लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

राउरकेला कोर्ट परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गयाए जिसमें विभिन्न श्रेणियों के कुल 1117 मामलों की सुनवाई हुई। इनमें आपराधिक मामले, एनआई एक्ट मनी रिकवरी, मोटर दुर्घटना, वैवाहिक विवाद, भूमि विवाद और सिविल केस शामिल थे।

लोक अदालत में 556 मामलों का निपटारा करते हुए कुल 6,53,11,239 रुपए की राशि भुगतान करने का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में फैमिली जज लिली शतपथी, प्रथम एडीजे एवं तृतीय एमएसीटी एमआर शतपथी, द्वितीय एडीजे रणजीत ज्योतिषी, सीनियर सिविल जज मोनालिशा पटनायक, सीनियर सिविल जज सह आपराधिक न्यायालय अभिजीत कुमार पुरोहित, एसडीजेएम पानपोष प्रवीण मंडल, जीजे जेडी जेएमएफसी प्रदोष दास, जेएमएफसी शर्मिष्ठा पाढ़ी तथा सिविल जज स्पंदन पटनायक ने मामलों की सुनवाई की।



#### बेंचों ने निभाई अहम भूमिका

बेंच नंबर 1 में अधिवक्ता बसंत कुमार पात्र और सामाजिक कार्यकर्ता स्नेहलता पटनायक, जबकि बेंच नंबर 2 में अधिवक्ता वैष्णव चरण नायक और सामाजिक कार्यकर्ता डोलिरानी ब्रह्मा ने सहयोग प्रदान किया।

#### मामलों का विस्तृत निपटारा

लोक अदालत में आपराधिक मामलों के 15 प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 4 का निपटारा हुआ। एनआई एक्ट के 387 मामलों में से 32 का समाधान करते हुए 36,21,325 रुपए भुगतान का आदेश दिया गया। मनी रिकवरी के 59 मामलों में से 10 का निपटारा कर 73,29,914 रुपये की वसूली का निर्देश दिया गया। मोटर वाहन से जुड़े 110 मामलों में से 53 का निपटारा कर 5,43,20,000 रुपए भुगतान का आदेश दिया गया। वैवाहिक विवाद के 66 मामलों में से 39 का समाधान हुआ। भूमि विवाद के 2 मामले प्रस्तुत किए गए। 50 सिविल मामलों में से 7 का निपटारा कर 40,000 रुपए भुगतान का आदेश दिया गया। इसके अतिरिक्तए 428 अन्य आपराधिक मामलों में से 417 मामलों का निपटारा किया गया। लोक अदालत के सफल संचालन में अधिवक्ता गिरिश चंद्र महापात्र, निर्मल स्वाइन, अमूल्य महापात्र, बीएन पढ़ीहारी, मनोज पटनायक, पांडव पात्र, एबी सारंगी एवं समीर प्रधान का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

# जिला अस्पताल सारंगढ़ में 24 घंटे में 7 सुरक्षित प्रसव



**कटेली।** जिला अस्पताल सारंगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर आम नागरिकों का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। बीते 24 घंटों के भीतर अस्पताल में 7 सुरक्षित प्रसव सफलतापूर्वक कराए गए। सभी मामलों में जच्चा और नवजात पूरी तरह स्वस्थ हैं।

प्रसव प्रक्रिया को चिकित्सकोंए स्टाफ नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने पूरी सतर्कता और समन्वय के साथ संपन्न कराया। समय पर चिकित्सकीय निर्णय, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता और साफ.सुथरी व्यवस्था के चलते किसी प्रकार की जटिलता सामने नहीं आई। इस उपलब्धि के पीछे कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य सेवाओं पर निरंतर निगरानी तथा सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल की सक्रिय भूमिका को अहम माना जा रहा है। उनके नेतृत्व में प्रसूति सेवाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार देखने को मिल रहा है। अस्पताल में उपचार कराने आए परिजनों ने बताया कि अब सरकारी अस्पताल में समय पर डॉक्टरों की उपलब्धता, संवेदनशील व्यवहार और निशुल्क सुविधाओं के कारण भरोसा बढ़ा है। निजी अस्पतालों की तुलना में जिला अस्पताल आमजन के लिए अधिक सुलभ और भरोसेमंद साबित हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, सुरक्षित प्रसव को लेकर आगे भी आवश्यक संसाधन और व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जाएंगी, ताकि हर गर्भवती महिला को बेहतर और सुरक्षित चिकित्सा सुविधा मिल सके।



### कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बरमकेला में बीएलओ के एसआईआर कार्यों का किया अवलोकन

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने तहसील कार्यालय बरमकेला में एसआईआर काम में लगे बूथ लेवल अधिकारियों पुष्पा यादव, हबीबन निशा, दुखदाई सहिस, नंदकिशोर पटेल, देवेंद्र चौहान से मुलाक़ात कर उनके कार्यों की स्थिति को जाना और उनके दस्तावेजों का अवलोकन किया। इस दौरान पुष्पेंद्र राज तहसीलदार बरमकेला, कोमल प्रसाद साहू नायब तहसीलदार उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि भारत चुनाव आयोग ने 5 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण वोटर वेरिफिकेशन के एसआईआर की समय सीमा बढ़ा दी है। अब गुजरात और तमिलनाडु में 14 दिसंबर तक फॉर्म भरे जा सकेंगे। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान निकोबार में 18 दिसंबर तक फॉर्म भर सकेंगे। उत्तर प्रदेश में 26 दिसंबर फॉर्म भर सकेंगे। इससे पहले चुनाव आयोग ने फॉर्म भरने की आखिरी तारीख विगत 4 और 11 दिसंबर को तय की थी।

# एनटीपीसी लारा परियोजना ने मनाया 13वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एनटीपीसी लारा का 13 वां स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ चक्रधर भवन परिसर में 13 दिसम्बर को मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण केशब चन्द्र सिंहा राय द्वारा एनटीपीसी ध्वज फहराया गया एवं कर्मचारियों को संबोधित कर लारा स्टेशन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।

इस वित्त वर्ष में नवम्बर अंत तक 89.66ः पीएलएफ़ पर 7785.14 मिलियन यूनिट बिजली बनाया गया है, जो की पीएलएफ़ की दृष्टि से पूरे एनटीपीसी में दूसरे स्थान पर है। नई परियोजना, नई तकनीक और यह प्रदर्शन बेहद सराहनीय है। श्री सिंहा राय ने कहा कि वित्त वर्ष की अंत तक लारा स्टेशन एनटीपीसी का 1 नंबर का स्टेशन बनने वाला है। स्टेज 2 का निर्माण कार्य के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है और उन्होंने




यह विश्वास जताया है की यह कार्य भी समय पर पूरा होगा। इस अवसर पर केशब सिंहा राय ने कहा बहुत जल्द एनटीपीसी लारा देश का सबसे बड़ा पावर प्लांट बनने जा रहा है। नैगम सामाजिक दायित्व और सामुदायिक विकास के लिए एनटीपीसीलारा पूरी तरह समर्पित है। अनेक विकास कार्य के साथ साथ विद्यार्थियों, युवाओं को स्वरोजगार के मध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की योजना बनाया जा रहा है। बालिका सशक्तिकरण अभियान का सफल आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर को यादगार मनाने के लिए, अशोक कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक प्रचालन एवं ईंधन प्रबंधन, हेमंत पवगी, महाप्रबंधक परियोजना, सीआईएसएफ के उप कमांडेंट महावीर सिंह, विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में केक काटा गया और गुब्बारे विमोचन किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों की जानकारी के लिए शुरू से लेकर आजतक लारा परियोजना का विकास पर प्रदर्शनी लगाई गई।

### गोठान में लगाए गए हैं 500 पौधे

# महिला स्वसहायता समूह पौधों का कर रहे जतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

महिला स्वसहायता समूह पौधों का जतन करके पर्यावरण और समाज दोनों के लिए सकारात्मक बदलाव ला रही हैं और आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम कर रही हैं।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत सरिया के लक्ष्मी स्वसहायता समूह पौधारोपण कर उसका संरक्षण कर रही हैं। जिससे न केवल पर्यावरण संरक्षण हो रहा है बल्कि, महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता और रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। वे पौधों की देखभाल, सिंचाई और सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल कर इसे सफल बना रही हैं। नगर पंचायत सरिया



के गोपाल परिसर में 500 से ज्यादा पौधा रोपण महिला स्व सहायता समूह ने किया है। जिसमें फलदार और अन्य पौधे लगाकर हरियाली बढ़ा रही हैं। नगर पंचायत सरिया इस अभियान को बढ़ावा दे रहे हैं और लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह पौधों के संरक्षण में जुटी हुई है। समूह के अध्यक्ष नूरा प्रधान एवं सचिव पार्वती साहू ने बताया कि विगत तीन माह से हम लोग नगर पंचायत सरिया के गोठान में करीब 500 पौधा का रोपण किया और उसका जतन कर रहे हैं। हमारी समूह की सदस्या प्रतिदिन यहां पौधों में पानी देकर सिंचाई कर रही हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर पौधा आवारा मवेशी या भेड़ बकरियों के द्वारा नुकसान पहुंचा जाने पर हम लोग पुनः पौधारोपण कर गोठान परिसर को हरियाली में तब्दील कर रहे हैं। समूह ने मांग किया है कि आने वाले दिनों में पानी की समस्या हो सकता है। क्योंकि यह स्थान मैदानी है और पौधों को जतन करना बिना पानी का संभव नहीं होगा। उन्होंने नगर पंचायत से मांग किया है कि आने वाले दिनों में यहां पानी की व्यवस्था की जाए।

